कुल पृष्ठों की संख्या : 02

नामांक [ ] [ ] [ ] [ ]

कुल प्रश्नों की संख्या : 29

TK

अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23

समय : 3.15 घंटे

कक्षा–12

पूर्णांक : 70

विषय– इतिहास

नोट : 1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।

2. सभी प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।

3. प्रश्न संख्या 26 से 28 तक आन्तरिक विकल्प है।

4. प्रश्न संख्या 29 का उत्तर भारत के रेखा मानचित्र में अंकित करना है।

खण्ड – अ

1. हिन्दू धर्म की एक परम्परा शैव है तो दूसरी कौनसी है? 1
2. विजय नगर साम्राज्य का पहला राजवंश क्या कहलाता था? 1
3. अशोक के धम्म के दो सिद्धान्त लिखिए। 1
4. प्रयाग प्रशस्ति की रचना किस राजकवि ने की थी? 1
5. विजय नगर की लोक परम्पराओं में दक्कन के सुल्तानों को किस की संज्ञा दी गई थी? 1
6. किताब–उल–हिन्द के लेखक का नाम लिखिए। 1
7. पुर्तगालियों द्वारा गोवा पर विजय किस वर्ष प्राप्त की। 1
8. टोडरमल कौन था? 1
9. हुमायुनामा के लेखक कौन थे? 1
10. मुगल काल में राजस्व वसूल करने की कितनी प्रणालियाँ थी? 1
11. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है? 1
12. महाभारत के लेखक कौन थे? 1

खण्ड – ब

प्रश्न संख्या 13 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 2 – 2 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर शब्द सीमा 20 शब्द है :–

13. शासकों द्वारा भूमिदान किए जाने वाले दो कारण लिखो। 2
14. हड़प्पा लिपी के बारे में आप क्या जानते हैं? 2
15. विजयनगर राज्य की दो जल सम्बन्धी संरचनाओं का नाम लिखिए। 2
16. हिनयान और महायान बौद्ध सम्प्रदायों में क्या अन्तर था ? 2
17. बहुपत्नि एवं बहुपति प्रथा से आप क्या समझते हैं? 2

18. भारत का अन्तिम सम्राट कौन था? 2

19. भारत छोड़ते समय अंग्रेजों ने शान्ति बनाए रखने के लिए क्या किया। 2

खण्ड – स

प्रश्न संख्या 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 4 – 4 अंकों के है तथा प्रत्येक प्रश्न का उत्तर शब्द सीमा 60 शब्द है :–

20. न्याय की जंजीर किस बादशाह द्वारा लगवाई गई और क्यों ? 4

21. मनुस्मृति के अनुसार सीमा सम्बन्धी विवादों के समाधान के लिए राजा को क्या सलाह दी गई थी ? 4

22. नवाब सिराज–उद्दौला द्वारा कलकत्ता नगर पर हमला करने के प्रमुख कारण क्या था? 4

23. स्थाई बन्दोबस्त के बारे में आप क्या जानते हैं? 4

24. "कबीर नानक देव और मीराबाई 21 वीं सदी में भी उतने ही महत्वपूर्ण है जितना उनके जीवन का में " संक्षिप्त में स्पष्ट करो। 4

25. केबिनेट मिशन ने प्रमुख सुझाव क्या दिए लिखिए। 4

खण्ड – द

प्रश्न संख्या 26 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न 5–5 अंकों के हैं प्रत्येक प्रश्न की शब्द सीमा 200 शब्द है।

26. बर्नियर के अनुसार समकालीन भारतीय समाज का जो चित्र उभरता है उसका वर्णन कीजिए। 5

अथवा

क्या समकालीन शहरी केन्द्रो में जीवन शैली की सही जानकारी प्राप्त करने में इब्नबतूता का वृतान्त सहायक है कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

27. जैन धर्म की महत्वपूर्ण शिक्षाएँ क्या थी एवं अहिंसा के सिद्धान्तों की संक्षिप्त व्याख्या करो। 5

अथवा

स्तूप क्यों और कैसे बनाए जाते थे ?

28. महात्मा गाँधी ने खुद को आम लोगों जैसा दिखाने के लिए क्या–क्या किया। क्या आप उनके द्वारा किए गये कार्यों से सहमत हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

असहयोग आन्दोलन एक तरह का प्रतिरोध कैसे था ?

29. भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों को अंकित कीजिए। 5

साबरमती , झाँसी , अमृतसर , चम्पारण , पाण्डेचेरी